**SET-3**

**Series SSO/2**

कोड नं.
Code No. **59/2/3**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **27** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **12** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **27** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या* ***1 – 5*** *तक प्रत्येक* ***एक*** *अंक के हैं । इन प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक* ***20*** *शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या* ***6 – 10*** *तक प्रत्येक* ***दो*** *अंकों के हैं । इन प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक* ***40*** *शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या* ***11 – 16*** *तक प्रत्येक* ***चार*** *अंकों के हैं । इन प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक* ***100*** *शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या* ***17 – 21*** *तक प्रत्येक* ***पाँच*** *अंकों के हैं । इन प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक* ***150*** *शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या* ***21*** *मानचित्र पर आधारित प्रश्न है । इसके उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या* ***22 – 27*** *तक प्रत्येक* ***छः*** *अंकों के हैं । इन प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक* ***150*** *शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

***General Instructions :***

*(i)* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii)* *Questions number* ***1 – 5*** *are of* ***one*** *mark each. The answers to these questions should not exceed* ***20*** *words each.*

*(iii)* *Questions number* ***6 – 10*** *are of* ***two*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***40*** *words each.*

*(iv)* *Questions number* ***11 – 16*** *are of* ***four*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***100*** *words each.*

*(v)* *Questions number* ***17 – 21*** *are of* ***five*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*

*(vi)* *Question number* ***21*** *is a map-based question. Write its answers in your answer-book.*

*(vii)* *Questions number* ***22 – 27*** *are of* ***six*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*

**1.** दक्षेस (सार्क) के मुख्य उद्देश्य को उजागर कीजिए । *1*

Highlight the main objective of SAARC.

**2.** ‘आया राम, गया राम’ की कहावत, भारतीय राजनीतिक व्यवस्था की किस कमी से सम्बन्धित है ? *1*

The phrase ‘Aya Ram, Gaya Ram’ refers to which drawback of the Indian political system ?

**3.** शॉक थेरेपी को किस सीमा तक साम्यवाद से पूँजीवाद की तरफ, संक्रमण का सबसे बेहतर तरीका कहा जा सकता है ? *1*

How far can Shock Therapy be called the best way to make the transition from Communism to Capitalism ?

**4.** जन आन्दोलनों को हतोत्साहित क्यों नहीं किया जाना चाहिए ? *1*

Why should popular movements not be discouraged ?

**5.** भारत में 1989 से 2014 के काल को गठबन्धन की सरकारों का युग क्यों कहा जाता है ? *1*

Why is the period from 1989 to 2014 called an era of coalition governments in India ?

**6.** वैश्वीकरण के आलोचक आर्थिक दृष्टि से किन दो क्षेत्रों को पुनर्स्थापित करना चाहते हैं ? $2\times1=2$

The critics of globalisation want which two areas to be revived economically ?

**7.** साम्यवादी दल के रूप में एक-दलीय प्रणाली, सोवियत जनता के लिए असहमति और असंतोष का स्रोत क्यों बन गई ? *2*

Why did the one-party system, represented by the Communist Party, become a source of dissent and dissatisfaction among the Soviet people ?

**8.** प्रथम तीन आम चुनावों में भाग लेने वाली भारत की किन्हीं चार राजनीतिक पार्टियों का उल्लेख कीजिए । $4\times\frac{1}{2}=2$

Mention any four political parties of India which participated in the first three general elections.

**9.** आण्विक हथियारों के किसी एक नकारात्मक आर्थिक प्रभाव को स्पष्ट कीजिए । *2*

Explain any adverse economic impact of Nuclear Weapons.

**10.** अपने आस-पास के क्षेत्र की प्रदूषण से रक्षा के लिए कोई दो उपाय सुझाइए । $2\times1=2$

Suggest any two measures to protect your surroundings from pollution.

**11.** "ऑपरेशन इन्ड्यूरिंग फ्रीडम" से सम्बन्धित घटनाक्रम का वर्णन कीजिए । *4*

Describe the sequence of events related to "Operation Enduring Freedom".

**12.** दिसम्बर 1971 में, बांग्लादेश की स्वतंत्रता के प्रश्न पर भारत तथा पाकिस्तान के बीच एक पूर्णव्यापी युद्ध छिड़ने के लिए उत्तरदायी परिस्थितियों का वर्णन कीजिए । *4*

State the circumstances which were responsible for a full-scale war between India and Pakistan on the issue of liberation of Bangladesh in December 1971.

**13.** वैश्विक निर्धनता तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी महामारियों की सुरक्षा के ख़तरे के नए स्रोतों के रूप में व्याख्या कीजिए । *2+2=4*

Explain global poverty and health epidemics as the new sources of threats to security.

**14.** 'ताड़ी-विरोधी आन्दोलन' के कारणों को स्पष्ट कीजिए । इसका क्या परिणाम निकला ? *2+2=4*

Explain the causes of 'Anti-Arrack Movement'. What was its outcome ?

**15.** उस समय की परिस्थितियों के आधार पर राज्य पुनर्गठन आयोग की स्थापना को न्यायोचित सिद्ध कीजिए । *4*

Justify the constitution of States Reorganisation Commission under the circumstances prevailing at that time.

**16.** गठबन्धन की सरकारों के किन्हीं दो नकारात्मक परिणामों को उजागर कीजिए । *2×2=4*

Highlight any two negative outcomes of the coalition governments.

**17.** नीचे दिए अवतरण को ध्यान से पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+2+2=5*

आज़ादी के वक्त हिंदुस्तान के सामने विकास के दो मॉडल थे । पहला उदारवादी–पूँजीवादी मॉडल था । यूरोप के अधिकतर हिस्सों और संयुक्त राज्य अमरीका में यही मॉडल अपनाया गया था । दूसरा समाजवादी मॉडल था । इसे सोवियत संघ ने अपनाया था । .... उस वक्त हिंदुस्तान में बहुत-से लोग विकास के सोवियत मॉडल से गहरे तौर पर प्रभावित थे । ऐसे लोगों में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के ही नहीं बल्कि सोशलिस्ट पार्टी और खुद काँग्रेस के नेहरू तक शामिल थे । अमरीकी तर्ज के पूँजीवादी विकास के पैरोकार बहुत कम थे ।

(i) स्वतंत्र भारत के सम्मुख विचाराधीन आधुनिक विकास के दो मॉडलों के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

(ii) भारत ने विकास के किस मॉडल को अपनाया और क्यों ?

(iii) पूँजीवादी मॉडल का समर्थन बहुत ही कम भारतीय नेताओं ने क्यों किया ?

Read the given passage carefully and answer the following questions :

On the eve of Independence, India had before it, two models of modern development : the liberal – capitalist model as in much of Europe and the U.S. and the socialist model as in the U.S.S.R. There were many in India then who were deeply impressed by the Soviet model of development. These included not just the leaders of the Communist Party of India, but also those of the Socialist Party and leaders like Nehru within the Congress. There were very few supporters of the American style capitalist development.

(i) Differentiate between the two models of modern development under consideration before independent India.

(ii) Which model of development did India adopt and why ?

(iii) Why did very few Indian leaders support the capitalist model ?

**18.** नीचे दिए गए अवतरण का अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+1+2=5*

इंदिरा गाँधी एक कद्दावर नेता के रूप में उभरी थीं और उनकी लोकप्रियता अपने चरम पर थी । इस दौर में दलगत प्रतिस्पर्धा कहीं ज़्यादा तीखी और ध्रुवीकृत हो चली थी । इस अवधि में न्यायपालिका और सरकार के आपसी रिश्तों में भी तनाव आए । सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार की कई पहलकदमियों को संविधान के विरुद्ध माना । काँग्रेस पार्टी का मानना था कि अदालत का यह रवैया लोकतंत्र के सिद्धांतों और संसद की सर्वोच्चता के विरुद्ध है । काँग्रेस ने यह आरोप भी लगाया कि अदालत एक यथास्थितिवादी संस्था है और यह संस्था ग़रीबों को लाभ पहुँचाने वाले कल्याण–कार्यक्रमों को लागू करने की राह में रोड़े अटका रही है । काँग्रेस के विपक्ष में जो दल थे, उन्हें लग रहा था कि सरकारी प्राधिकार को निजी प्राधिकार मानकर इस्तेमाल किया जा रहा है और राजनीति हद से ज़्यादा व्यक्तिगत होती जा रही है ।

(i) प्रधानमंत्री के रूप में इंदिरा गाँधी की किन दो उपलब्धियों ने उसे एक कद्दावर तथा अत्यंत लोकप्रिय नेता बना दिया ?

(ii) सर्वोच्च न्यायालय द्वारा असंवैधानिक कहे जाने वाले किसी एक सरकारी प्रयास की पहचान कीजिए ।

(iii) ग़रीबों को लाभ पहुँचाने वाले उन कल्याणकारी कार्यक्रमों को उजागर कीजिए जिन्हें काँग्रेस लागू करना चाहती थी ।

Study the passage given below and answer the questions that follow :

Indira Gandhi had emerged as a towering leader with tremendous popularity. This was also the period when party competition became bitter and polarised. This period also witnessed tensions in the relationship between the government and the judiciary. The Supreme Court found many initiatives of the government to be violative of the Constitution. The Congress party took the position that this stand of the Court was against the principles of democracy and parliamentary supremacy. The Congress also alleged that the Court was a conservative institution and it was becoming an obstacle in the way of implementing pro-poor welfare programmes. The parties opposed to the Congress felt that politics was becoming too personalised and that governmental authority was being converted into personal authority.

(i) Which two achievements of Indira Gandhi as the Prime Minister made her a towering leader with tremendous popularity ?

(ii) Identify any one initiative of the government which was found unconstitutional by the Supreme Court.

(iii) Highlight the pro-poor welfare programmes which the Congress wanted to implement.

**19.** नीचे दिए गए अवतरण को ध्यान से पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+2+2=5*

संयुक्त राज्य अमरीका ने जापान के दो शहरों ....... पर परमाणु बम गिराए । ....... अमरीका के समर्थकों का तर्क था कि युद्ध को ज़ल्दी-से-ज़ल्दी समाप्त करने तथा अमरीका और साथी राष्ट्रों की आगे की जन हानि को रोकने के लिए परमाणु बम गिराना ज़रूरी था । ....विश्व युद्ध की समाप्ति का परिणाम यह हुआ कि वैश्विक राजनीति के मंच पर दो महाशक्तियों का उदय हो गया जो विश्व की किसी भी घटना को प्रभावित करने की क्षमता रखती थीं ।

(i) द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वैश्विक राजनीति के मंच पर उदय होने वाली दो महाशक्तियों की पहचान कीजिए ।

(ii) इन दो महाशक्तियों के उदय होने के परिणाम की व्याख्या कीजिए ।

(iii) ये शक्तियाँ विश्व में कहीं भी घटने वाली घटनाओं को कैसे प्रभावित कर सकती थीं ? स्पष्ट कीजिए ।

Read the given passage carefully and answer the following questions :

The United States dropped two atomic bombs on the Japanese cities of ..... . The supporters of U.S. have argued that the dropping of the atomic bomb was necessary to end the war quickly and to stop further loss of American and Allied lives. ..... the consequence of the end of the Second World War was the rise of two new powers on the global stage with the ability to influence events anywhere on earth.

(i) Identify the two new powers that rose on the global stage after the Second World War.

(ii) Explain the outcome of the emergence of these two new powers.

(iii) How could these powers influence events anywhere on earth ? Explain.

**20.** दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में, पाँच राज्यों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ तथा Ⓔ द्वारा चिह्नित किया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इनकी पहचान कीजिए और उत्तर-पुस्तिका में उनके सही नाम, उनकी क्रम संख्या तथा सम्बन्धित अक्षर सहित लिखिए : *5×1=5*


(i) तेलंगाना, भारत का 29वाँ राज्य ।

(ii) वह राज्य जहाँ काँग्रेस पार्टी का नागपुर अधिवेशन 1959 में हुआ ।

(iii) वह राज्य जिसे पहले मद्रास राज्य कहा जाता था ?

(iv) वह राज्य जिससे साम्यवादी नेता ई.एम.एस. नम्बूदरीपाद का सम्बन्ध था ।

(v) स्वतंत्र भारत की प्रथम स्वास्थ्य मंत्री, राजकुमारी अमृत कौर का गृह राज्य ।



In the given political outline map of **India**, five States are marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ . Identify them with the help of the information given below and write their correct names in your answer-book along with the serial number of the information used and the related alphabet in the map :


(i) The 29th State of India, Telangana.

(ii) The State where Nagpur Session of the Congress Party was held in 1959.

(iii) The State which used to be called the Madras State earlier.

(iv) The State to which the Communist leader E.M.S. Namboodiripad belonged.

(v) The home State of Rajkumari Amrit Kaur, the first Health Minister of free India.



**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 20 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 20 :*

(20.1) 1960 तक सभी विपक्षी दलों ने लोक सभा में क्या भूमिका निभाई थी ?

(20.2) कुछ काँग्रेसी नेताओं ने काँग्रेस को छोड़कर स्वतंत्र पार्टी की स्थापना क्यों की ?


(20.3) विचारधारा के आधार पर, जन संघ किस प्रकार अन्य दलों से भिन्न थी ? *2+2+1=5*

(20.1) What role did the opposition parties play in the Lok Sabha up to 1960 ?

(20.2) Why did some Congressmen leave the Congress and form the Swatantra Party ?

(20.3) How was the Jana Sangh different from other parties in terms of ideology ?

**21.** दिए गए कार्टून का अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+2+2=5*





(21.1) चीन को दिखाने के लिए साइकिल को क्यों चुना गया ?

(21.2) साइकिल के दोनों पहियों में दिखाए गए चिह्न क्या हैं ? ये चिह्न कौन-सी दो आर्थिक विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं ?

(21.3) यह कार्टून क्या सन्देश देता है ?

Study the cartoon given below and answer the following questions :




(21.1) Why has the bicycle been chosen to represent China ?

(21.2) What do the symbols within the two wheels stand for ? Which two economic ideologies do the symbols represent ?

(21.3) What message does the cartoon convey ?

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर हैं ।*

***Note :*** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Question No. 21.*

(21.1) संयुक्त राज्य अमरीका तथा चीन की आर्थिक नीतियों के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(21.2) उभरती हुई चीनी अर्थव्यवस्था के नकारात्मक प्रभावों का आकलन कीजिए । *2+3=5*

(21.1) Differentiate between the economic policy of the U.S. and that of China.

(21.2) Assess the negative impacts of the rising Chinese economy.

**22.** 'अन्य पिछड़े वर्ग' से क्या अभिप्राय है ? भारतीय राजनीति में उनके राजनीतिक उदय का वर्णन कीजिए । *2+4=6*

**अथवा**

ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन के नेतृत्त्व में विदेशियों के विरोध में चलाए गए आन्दोलन का वर्णन कीजिए । यह आन्दोलन कब तथा कैसे समाप्त हुआ और इसका परिणाम क्या निकला ? *3+3=6*

What is meant by 'Other Backward Classes' ? Describe their political rise in the Indian politics.

**OR**

Describe the 'anti-foreigner movement' led by the All Assam Students Union. When and how did it come to an end and with what result ?

**23.** "अमरीका के साथ सम्बन्धों में सुधार लाना भारत के लिए अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है ।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? उपयुक्त तर्कों द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए । *6*

**अथवा**

दक्षिण एशिया के देशों के बीच आर्थिक सहयोग की राह तैयार करने में दक्षेस (सार्क) की भूमिका और सीमाओं का मूल्यांकन कीजिए । *6*

"It is very important for India to improve its relations with the U.S.". Do you agree with this statement ? Support your answer with suitable arguments.

**OR**

Evaluate the role and limitations of SAARC as a forum for facilitating economic cooperation among Asian countries.

**24.** 1969 में हुए काँग्रेस पार्टी के विभाजन के किन्हीं तीन कारणों को स्पष्ट कीजिए । *3×2=6*

**अथवा**

भारत में 1980 में मध्यावधि चुनाव कराने के लिए उत्तरदायी कारणों को स्पष्ट कीजिए । इस चुनाव के परिणाम भी उजागर कीजिए । *4+2=6*

Explain any three reasons for the split in the Congress Party in 1969.

**OR**

Explain the reasons which led to the mid-term elections in India in 1980. Highlight the outcomes of this election also.

**25.** वैश्वीकरण ने भारत को कैसे प्रभावित किया है और भारत वैश्वीकरण को कैसे प्रभावित कर रहा है ? उपयुक्त तर्कों द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए । *6*

**अथवा**

"साझी ज़िम्मेदारियाँ लेकिन अलग-अलग भूमिका" — इस सिद्धान्त का उदाहरण सहित परीक्षण कीजिए । *6*

How has globalistion impacted on India and how is India in turn impacting on globalisation ? Support your answer with suitable arguments.

**OR**

Examine the concept of "Common but differentiated responsibilities" with the help of examples.

**26.** सोवियत प्रणाली की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *3×2=6*

**अथवा**

महाशक्तियों को छोटे देशों के साथ सैन्य गठबंधन बनाने के लिए किन परिस्थितियों ने बाध्य किया ? वर्णन कीजिए । *6*

Describe any three features of the Soviet system.

**OR**

What circumstances compelled the super-powers to have military alliances with smaller countries ? Describe.

**27.** समकालीन विश्व में संयुक्त राष्ट्र जैसी अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं के महत्त्व का आकलन कीजिए । *6*

**अथवा**

ग़रीबी, आतंकवाद और महामारियों जैसे ख़तरों का मुकाबला करने के लिए भारत को किस प्रकार की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए ? अपने सुझाव दीजिए । *6*

Assess the importance of international organisations like the United Nations in the contemporary world.

**OR**

Suggest the type of security India should prefer to fight the threats like poverty, terrorism and epidemics.